पत्र संख्या-स्था-01-सेवा संघ/2026-27/ 164 /राज्य कर

प्रेषक,

आयुक्त राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जोनल अपर आयुक्त
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग) लखनऊ//दिनांक-20/4/ /2026

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि जी0एस0टी0 ऑफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-45 दिनांक 06.04.2026 के द्वारा जी0एस0टी0 ऑफीसर्स सर्विस एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा के लिए दिनांक 14.05.2026 व 15.05.2026 का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है।

2- तत्क्रम में सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि संघ की उक्त वार्षिक बैठक में सम्मिलित होने के इच्छुक सदस्यों (अधिकारी जो इस संघ के घोषित सदस्य है) को दिनांक 14.05.2026 व 15.05.2026 के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर उन्हे बैठक में सम्मिलित होने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के साथ-साथ स्टेशन छोड़ने की अनुमति प्रदान की जाये।

3- उपरोक्त संघ के ऐसे सदस्यों को जो सेवा से निलम्बित अथवा निष्कासित है अथवा अब जी0एस0टी0 ऑफीसर्स सर्विस एसोसिएशन के सदस्य नहीं रहें हैं, को उपर्युक्त अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा। उक्त अवकाश स्वीकृत करने में यह भी ध्यान रखा जाये कि इन अवधियों में अवकाश के कारण राजकीय कार्य प्रभावित न हो।

4- इस आशय की सूचना अपने जोन में कार्यरत एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्य अधिकारियों को भी दे दी जाए तथा एक प्रति अपने नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा करवा दें।

5- उक्त विशेष आकस्मिक अवकाश कार्मिक अनुभाग-4 के पत्र संख्या-11/1ईएम/2011-का-4-2014 दिनांक 30.06.2014 के क्रम में स्वीकृत किया जा रहा है।

उक्त पत्र आयुक्त राज्य कर महोदय के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

308

श्रीमती पूर्णिमा
कृपया आवश्यक कार्यवाही करें।
उपायुक्त (आई०टी०) राज्य कर,
लखनऊ
दिनांक 21-04-26

Digitally signed by
DHANANJAY SHUKLA
Date: 20-04-2026
15:35:49

(धनन्जय शुक्ला)
अपर आयुक्त, राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ, मुख्यालय।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-अध्यक्ष वाणिज्य कर अधिकरण उ0प्र0 लखनऊ।
2-विशेष सचिव, राज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3-अपर आयुक्त ग्रेड-1 (उ0न्या0कार्य), राज्य कर प्रयागराज।
4-अपर निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, राज्य कर, लखनऊ।
5-संयुक्त निदेशक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना, उत्तर प्रदेश शासन।

6-समस्त अनुभाग अधिकारी, राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
7-संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
8-समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-1/2/ संयुक्त आयुक्त/उपायुक्त/सहायक आयुक्त, राज्य कर, उ0प्र0।
9-अध्यक्ष/महासचिव जी0एस0टी0 ऑफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उ0प्र0, लखनऊ।
10-मैनुअल/सेन्ट्रल रिकार्ड, राज्य कर मुख्यालय लखनऊ।
11-स्था-01/स्था-02 पटल को 10 अतिरिक्त प्रतियां।

Digitally signed by
SRI HARI MISHRA
Date: 20-04-2026
15:37:13

(श्रीहरि मिश्रा)
संयुक्तआयुक्त(स्था0राज0)
राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।

आई0टी0